Reg. No. | | | | | | | | |

BCMHDL 254

Credit Based Fourth Semester B.Com. Degree Examination, April/May 2018
(2016-17 Batch Onwards)
HINDI LANGUAGE
(Group – I) (Paper – IV)

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. **एक** शब्द या वाक्य में उत्तर लिखिए : (1×5=5)

1) रक्षाबन्धन नाटक के नाटककार कौन हैं ?

2) चाँदखाँ कौन है ?

3) विजय किसका बेटा है ?

4) जवाहरबाई की मृत्यु कैसे हुई ?

5) हुमायूँ किसे फिर से चित्तौड़ के सिंहासन पर बिठाता है ?

II. किन्हीं **तीन** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : (5×3=15)

1) जो वीर नागरिक राजाओं के सिर पर मुकुट रखते हैं वे उसे उतार भी सकते हैं ।

2) जो राजा अपने आपसे अपनी प्रजा को नीच समझता है, उसे राजसिंहासन पर बैठने का अधिकार नहीं ।

3) तुमने आज मेरी आँखें खोल दीं । उफ ! मैं कितनी गलती पर था, कैसा जघन्य पाप करने लगा था ।

4) कैसा त्याग भाभी ! यह तो तुच्छ प्रायश्चित्त है ; पिताजी के पाप का प्रायश्चित्त ।

III. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (10×2=20)

1) 'रक्षाबन्धन' नाटक का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

2) 'रक्षाबन्धन' ऐतिहासिक नाटक के आधार पर कर्मवत्ती का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

3) विक्रम और चाँदखाँ के संवाद का वर्णन कीजिए।

4) 'रक्षाबन्धन' नाटक के आधार पर लेखक के आशय को स्पष्ट कीजिए ।

P.T.O.

IV. किन्हीं दो विषय पर टिप्पणी लिखिए । (5×2=10)

1) हुमायूँ

2) विक्रमादित्य

3) बाघसिंह

4) धनदास

V. अ) वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली से कुछ किताबें मंगवाई हैं, वे आदेश के अनुसार नहीं हैं । इसकी शिकायत करते हुए एक पत्र लिखिए ।

अथवा (5×1=5)

सरकारी कार्यालयों में हिन्दी अनुष्ठान के उद्देश्य से भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा एक परिपत्र तैयार कीजिए ।

आ) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (1×5=5)

''राजा राममोहन राय बचपन से ही बड़े प्रतिभाशाली थे । उनके पिता ने उनकी पढ़ाई का समुचित प्रबंध किया । गाँव की पाठशाला में उन्होंने बँगला सीखी । उन दिनों कचहरियों में फारसी का बोलबाला था । अत: उन्होंने घर पर ही मौलवी से फारसी पढ़ी । नौ वर्ष की उम्र में वे अरबी की उच्च शिक्षा के लिए पटना भेजे गए । वहाँ वे तीन वर्ष तक रहे । उन्होंने कुरान का मूल अरबी में अध्ययन किया । बारह वर्ष की उम्र में वे काशी गए । चार वर्ष तक वहाँ उन्होंने संस्कृत का अध्ययन किया । इस बीच उन्होंने भारतीय दर्शन का भी अध्ययन किया'' ।

प्रश्न :

1) राजा राममोहन राय की पढ़ाई का प्रबंध किसने किया ?

2) राजा राममोहन राय ने बँगला कहाँ सीखी ?

3) उन्होंने अरबी की उच्च शिक्षा कहाँ से प्राप्त की ?

4) बारह वर्ष की उम्र में वे कहाँ गए ?

5) उन्होंने कितने वर्ष तक संस्कृत का अध्ययन किया ?

VI. अ) विवाह विज्ञापन के आलोक में अपना स्ववृत्त तैयार कीजिए । (5×1=5)

आ) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण कीजिए जो मूल से एक तिहाई (1/3) से अधिक न हो और उचित शीर्षक दीजिए । (5×1=5)

विज्ञापन करने का प्रधान साधन समाचार पत्र है । इससे विज्ञापन देनेवाले, समाचार पत्रों को निकालनेवाले और संबंधी उपभोक्ताओं को जहाँ लाभ होता है वहाँ उससे कहीं अधिक लाभ उन व्यक्तियों को होता है जो समाचार पत्रों को पढ़ते हैं । समाचार पत्र में यदि विज्ञापन न आवे तो उनका मूल्य बहुत कुछ बढ़ जावे जिससे पढ़नेवालों की संख्या भी निश्चित रूप से कम हो जायेगी । विज्ञापन का शिक्षा की दृष्टि से भी अधिक महत्व होता है क्योंकि इससे जनता को बहुत सी ऐसी वस्तुओं के बारे में ज्ञान हो जाता है जो उनको पहले मालूम नहीं रहा हो । उदाहरण के लिए कभी-कभी समाचार पत्रों में हम देखते हैं कि बहुत सी दवाइयों के नुस्खे आया करते हैं जिससे यह ज्ञात हो जाता है कि अमुक दवाई में कौन-कौन सी वस्तुएँ मिली हैं ।

VII. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (5×2=10)

1) आपके पारिवारिक विवाहोत्सव हेतु एक निमंत्रण-पत्र का नमूना तैयार कीजिए ।

2) आप अपने कॉलेज़ में स्थानीय सरकारी अस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिबिर को रेड़ क्रास यूनिट की ओर से आयोजित करना चाहते हैं । इसका एक ब्यानर तैयार कीजिए ।

3) अपने मोहल्ले में 'स्वच्छ ग्राम अभियान' हेतु स्थानीय रोटरी क्लब और युवक मण्डल के सहयोग से एक दिवसीय श्रमदान करनेवाले हैं । इसकी जानकारी देते हुए एक भित्ति-पत्र तैयार कीजिए ।